कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

प्रेस नोट

दिनांक 24–25.3.2010 की रात्रि लगभग 10.30 बजे टाईगर रिजर्व के रमपुरा वैरियर पर उस वक्त कार्यरत श्री लल्ला प्रसाद अहिरवार, वनपाल के द्वारा थोडे अन्तराल में दो बार बन्दूक चलने की आवाज सुनी गई। तत्काल उनके द्वारा मुख्यालय को सूचना दी गई, जिसके आधार पर पन्ना टाईगर रिजर्व के 4 परिक्षेत्र अधिकारियों का एक दल बनाया जाकर उत्तर पन्ना वन मण्डल के बूंदी बीट के आस–पास के क्षेत्रों में तलाश की गई। तलाशी के दरम्यान रमपुरा वैरियर से इटवांटेक के रास्ते में एक मोटर सायकिल आगे से भागे जा रही थी, जिसका पीछा करने पर उनके द्वारा मुख्य मार्ग को छोड कर खेतों में वाहन ले जाया गया। इस तलाशी में रात्रि लगभग 1.30 बजे के आस–पास इटवां टेक ग्राम के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे के खेतों में खून और बाल से लगी मोटर सायकिल क्रमांक एम.पी. 35 एम.ए. 7321 को जप्ती में लिया गया। रात्रि में अंधेरे का फायदा उठाकर शिकारी भाग गये तथा अभी भी फरार है।

जांच करने पर यह पाया गया कि यह मोटर सायकिल श्री लखन लाल राय वल्द छोटे लाल राय, गोलायची मोहल्ला पन्ना के रहने वालों के नाम से है। चौकाने वाली बात यह है कि सम्बन्धितों के द्वारा सुबह 5.00 बजे कोतवाली पन्ना में अपनो मोटर सायकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज की है। ऐसा तो नहीं कि प्रकरण को गुमराह करने के उद्‌देश्य से कोतवाली पन्ना में प्रकरण दर्ज किया? यह समस्त कार्यवाही श्री विक्रम सिंह परिहार, उप संचालक के नेतृत्व में श्री संजय जैन, परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना, श्री आई.के. अफरीदी, परिक्षेत्र अधिकारी मड़ला, श्री भीमा मण्डलोई, परिक्षेत्र अधिकारी चन्द्रनगर, एवं श्री मेखराज सिंहमारे के मार्गदर्शन में सम्पन्न की गई।

प्रकरण में पी.ओ.आर. क्रमांक 365/19 दिनांक 24.3.2010 से दर्ज कराया जाकर विवेचना जारी है। प्रकरण में सही नतीजे तक पहुंचने हेतु छतरपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से खोजी कुत्ता बुलाया जाकर प्रकरण में जांच जारी है। प्रकरण नियमानुसार उत्तर क्षेत्रीय वन मण्डल को स्थानान्तरित किया जा रहा है, जहां से अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

क्षेत्र संचालक,
पन्ना टाईगर रिजर्व,पन्ना